(c) whether there was any loss of life because of the leakage; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) No, Sir.

(b) to (d) Do not arise.

Maniyachi Railway Project

*93. SHRI V. GOPALSAMY:
SHRI K. K. VEERAPPAN:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have received a proposal from Southern Railways for modifying the original Madurai to Maniyachi Railway Project;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what decision has been taken in this regard?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) Yes, Sir.

(b) To provide a parallel BG line instead of conversion of existing MG line into BG.

(c) To convert existing MG line into BG as per already approved scheme.

राजस्थान में तेल और गैस भण्डारों की खोज

*94. **श्री भंवर लाल पंवार :** क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में ऐसे स्थानों के नाम क्या हैं जहां आयल इंडिया लिमिटेड तथा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ने अपने-अपने स्तर पर तेल एवं गैस के भंडारों की खोज की है और उनकी मात्रा कितनी-कितनी है; और

(ख) क्या यह सच है कि "रिग्ज" की अपर्याप्त मात्रा में सप्लाई के कारण खोज कार्य में रुकावट उत्पन्न हुई है; यदि हां, तो वांछित संख्या में रिग्ज कब तक उपलब्ध करवा दिये जायेंगे ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) आयल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान में जैसलमेर और बीकानेर–नागौर बेसिनों में तेल और गैस के भण्डारों की खोज की है और 1–1–1991 तक 6.68 बिलियन घन मीटर स्थानक गैस के भण्डार को सिद्ध किया है । इसके अतिरिक्त बाघेवाला में तेल भण्डार की खोज का मूल्यांकन किया जा रहा है । तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ने जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर–नागौर और संचौर बेसिनों में खोज की है और 1–1–1991 तक करीब 1.96 बिलियन घन मीटर स्थानक गैस के भण्डार को सिद्ध किया है ।

(ख) आयल इंडिया लिमिटेड और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग जरूरत के अनुसार अपने रिगों या भाड़े पर लिए गए रिगों को काम पर लगाते हैं ।

पैट्रोल की सप्लाई में कमी

*95. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले वर्ष तेल समन्वय समिति ने देश में तेल की आपूर्ति में कमी लाने की सिफारिश की थी ;

(ख) इस सिफारिश को लागू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई ; और

(ग) समिति की ऐसी अन्य सिफारिशों का ब्यौरा क्या है जिन्हें सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किया गया तथा उसके क्या कारण थे ?